epaper
हिन्दुस्तान

# छोटे ऑनलाइन कारोबारियों को राहत संभव

## ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर रोजगार के मौके बढ़ेंगे

सूत्रों के मुताबिक, इस कवायद के पीछे मकसद है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर छोटे कारोबारियों की मौजूदगी बढ़े और लोगों के लिए रोजगार के व्यापक अवसर पैदा हो सकें। केंद्र सरकार का मानना है कि इससे एक शहर, एक उत्पाद योजना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस यानि जेम पोर्टल के जरिए भी उत्पाद बेचना आसान हो सकेगा। इसके जरिए छोटे कारोबारियों के उत्पादों को बड़ा बाजार मिलना आसान होगा।

21/03/2022

• सौरभ शुक्ल

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए व्यापार करने वाले छोटे कारोबारियों को जीएसटी पंजीकरण से सरकार छूट दे सकती है।

'हिन्दुस्तान' को सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, ऑफलाइन कारोबारियों की तर्ज पर ही सरकार ऑनलाइन कारोबारियों को ये नई छूट देने की व्यवस्था कर सकती है। इस पर अंतिम फैसला जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिया जाना है। एक अधिकारी के मुताबिक, लंबे समय से छोटे ऑनलाइन कारोबारी मांग कर रहे हैं कि उन्हें जीएसटी रजिस्ट्रेशन से छूट दी जाए। इस बारे में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, इस कवायद के पीछे मकसद है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर छोटे कारोबारियों की मौजूदगी बढ़े और लोगों के लिए रोजगार के व्यापक अवसर पैदा हो सकें। केंद्र सरकार का मानना है कि इससे एक शहर, एक उत्पाद योजना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस यानि जेम पोर्टल के जरिए भी उत्पाद बेचना आसान हो सकेगा। इसके जरिए छोटे कारोबारियों के उत्पादों को बड़ा बाजार मिलना आसान होगा।